भारत सरकार
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 1950 जिसका उत्तर
**शुक्रवार, 6 दिसंबर, 2024/15 अग्रहायण, 1946 (शक)** को दिया जाना है

**राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास**

**† 1950. श्रीमती रचना बनर्जी :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान वर्ष सहित पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान जिन राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास करने हेतु विचार किया गया है, उनका ब्यौरा क्या है;

(ख) राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास/ संवर्द्धन के लिए जलमार्ग-वार कितनी धनराशि स्वीकृत/ जारी की गई है; और

(ग) देश में राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास/ संवर्द्धन कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है तथा आज तक कितने जलमार्ग शुरू/ पूरे हो चुके हैं तथा कितने लंबित हैं?

उत्तर
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**
**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) और (ख):** वर्तमान वर्ष सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय जलमार्गों पर विकास के लिए शुरू की गई परियोजनाओं तथा राष्ट्रीय जलमार्ग परियोजनाओं के विकास/संवर्धन के लिए स्वीकृत/जारी निधियों का विवरण अनुबंध-1 में दिया गया है।

**(ग):** व्यहार्यता के आधार पर व्यवहार्य पाए गए 26 राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास/संवर्धन कार्य की वर्तमान स्थिति तथा विस्तृत परियोजना रिपोर्टें अनुबंध-2 पर हैं।

अनुबंध 1

वर्तमान वर्ष 2024-25 सहित पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान विकास के लिए शुरू की गई राष्ट्रीय जलमार्ग परियोजनाओं और स्वीकृत/जारी की गई धनराशि का विवरण:

(करोड़ रुपए में)

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत | 31.10.2024 तक व्यय |
|---|---|---|---|
| क. | चल रही स्वीकृत रा.ज. परियोजनाएं - | | |
| 1 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में रा.ज.-1 (गंगा-भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली) पर वाराणसी-हल्दिया खंड से जल मार्ग विकास परियोजना (जेएमवीपी-I और II) | 5061.15 | 3115.95 |
| 2 | राष्ट्रीय जलमार्ग-2 ( बांग्लादेश सीमा - धुबरी से सदिया तक ब्रह्मपुत्र नदी) का व्यापक विकास | 474.00 | 378.60 |
| 3 | असम में राष्ट्रीय जलमार्ग-16 ( लखीपुर से टुकर ग्राम तक बराक नदी) और असम में भारत-बांग्लादेश मार्ग के भारतीय हिस्से का व्यापक विकास | 148.00 | 24.26 |
| ख. | 3 वर्षों से स्वीकृत रा.ज. परियोजनाएं- | | |
| 4 | रा.ज.-2 पर पांडु पत्तन टर्मिनल से एनएच-27 तक पहुंच मार्ग का विकास | 180.00 | 235.44 |
| 5 | रा.ज.-2 पर पांडु, गुवाहाटी (असम) में पोत मरम्मत सुविधा का विकास | 208.00 | |
| 6 | केरल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, गोवा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और असम राज्यों में 23 रा. ज. का विकास (चरण-1) (** 3 मौजूदा और 13 नए रा. ज.) - 16 रा. ज. (रा. ज.-3, 4, 5 और 13 नए रा. ज.) का विकास | 267.00 | 127.30 |
| (i) | केरल में रा.ज.-3-पश्चिमी तट नहर ( कोट्टापुरम - कोल्लम), चंपकारा और उद्योगमंडल नहरें | | |
| (ii) | आंध्र प्रदेश में रा.ज.-4- कृष्णा नदी (विजयवाड़ा – | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | मुक्त्याला) का हिस्सा | | |
| (iii) | रा.ज.-5- ओडिशा में ब्राह्मणी नदी के मंगलागदी से पंकोपल होते हुए धामरा -पारादीप | | |
| (iv) | रा.ज.-8- केरल में अलाप्पुझा- चंगनास्सेरी नहर | | |
| (v) | रा.ज.-9- केरल में अलाप्पुझा- अथिरामपुजा नहर | | |
| (vi) | रा.ज.-27-गोवा में कंबरजुआ नदी | | |
| (vii) | रा.ज.-68- गोवा में मंडोवी नदी | | |
| (viii) | रा.ज.-111- गोवा में जुआरी नदी | | |
| (ix) | रा.ज.-86- पश्चिम बंगाल में रूपनारायण नदी | | |
| (x) | रा.ज.-97- पश्चिम बंगाल में सुंदरवन जलमार्ग | | |
| (xi) | रा.ज.-40- उत्तर प्रदेश और बिहार में घाघरा नदी | | |
| (xii) | रा.ज.-44- पश्चिम बंगाल में इच्छामती नदी | | |
| (xiii) | रा.ज.-10- महाराष्ट्र में अम्बा नदी | | |
| (xiv) | रा.ज.-28-दाभोल क्रीक महाराष्ट्र में वशिष्ठी नदी | | |
| (xv) | रा.ज.-57- असम में कोपिली नदी | | |
| (xvi) | रा.ज.-31- असम में धनसिरी नदी | | |
| | कुल | 6338.15 | 3646.11 |

**अनुबंध-2**

**दिनांक 31.10.2024 तक हुई प्रगति के साथ 26 नए राष्ट्रीय जलमार्गों (रा.ज.) के विकास की स्थिति:**

| क्र. सं. | रा.ज. | जलमार्गों का विवरण | स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | रा.ज. 1 | गंगा-भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली (हल्दिया-इलाहाबाद) | जलमार्ग विकास परियोजना (जेएमवीपी)। इसके प्रमुख घटक हैं - वाराणसी, साहिबगंज और हल्दिया में मल्टी-मोडल टर्मिनल, फरक्का में नए नौचालन लॉक का निर्माण, फरक्का में पुराने लॉक गेट का आधुनिकीकरण, कालूघाट इंटरमोडल टर्मिनल और फेयरवे विकास<br>वास्तविक प्रगति - 61.79%<br>वित्तीय प्रगति - 61.57% |
| 2 | रा.ज. 2 | ब्रह्मपुत्र नदी (धुबरी - सदिया) | राष्ट्रीय जलमार्ग-2 का व्यापक विकास। इसके प्रमुख घटक हैं - बोगीबील कार्गो टर्मिनल का निर्माण, जोगीघोपा में टर्मिनल का निर्माण, पांडु पत्तन टर्मिनल से रा.ज.-27 तक पहुंच मार्ग का विकास तथा पांडु, गुवाहाटी (असम) में पोत मरम्मत सुविधा का विकास और फेयरवे विकास।<br>वास्तविक प्रगति– 71.23%<br>वित्तीय प्रगति - 71.23% |
| 3 | रा.ज. 16 | बराक नदी (लखीपुर-तुकर ग्राम) | रा.ज.-16 और भारत बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग (आईबीपी) का व्यापक विकास<br>प्रमुख घटक हैं - गुमती नदी पर सोनामुरा में टर्मिनल का निर्माण, बदरपुर और करीमगंज टर्मिनलों का उन्नयन, सिलचर में चारदीवारी सहित कार्यालय भवन और आवासीय परिसर का निर्माण, तथा एक एम्फीबियन (जल और |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | थल) ड्रेजर और सर्वेक्षण जलयान की खरीद और फेयरवे विकास।<br><br>वास्तविक प्रगति – 16.39%<br><br>वित्तीय प्रगति - 16.39% |
| 4 | रा. ज. 3 | पश्चिमी तट नहर (कोट्टापुरम - कोल्लम)<br><br>चंपकारा और उद्योगमंडल नहरें | |
| 5 | रा. ज. 4 | कृष्णा नदी (विजयवाड़ा – मुक्त्याला) | |
| 6 | रा. ज. 5 | मंगलागढ़ी से पंकोपल होते हुए धामरा-पारादीप | |
| 7 | रा. ज. 8 | अलाप्पुझा-चंगनास्सेरी नहर | |
| 8 | रा. ज. 9 | अलाप्पुझा - कोट्टायम - अथिरामपुझा नहर | |
| 9 | रा. ज. 27 | कंबरजुआ नदी (कोर्टालिम-फेरी से साओ मार्टियास विधान परिषद) | |
| 10 | रा.ज. 68 | मंडोवी नदी (उसगांव पुल से अरब सागर तक) | |
| 11 | रा.ज. 111 | जुआरी नदी<br><br>(सानवोर्डेन पुल से मुरगांव पत्तन तक) | |
| 12 | रा.ज. 86 | रूपनारायण नदी (प्रतापपुर से जियोनखली) | |
| 14 | रा.ज. 97 | सुंदरबन जलमार्ग (नामखाना से अथराबांकीखल) | |
| 14 | रा. ज. 40 | घाघरा नदी (फैजाबाद से मांझीघाट) | |
| 15 | रा.ज. 52 | काली नदी (कोडासल्ली बांध से सदाशिवगढ़ पुल, अरब सागर) | |
| 16 | रा. ज. 44 | इचामती नदी (बांग्लादेश सीमा के पास गोबरा से बांसझारी तक पुल) | |
| 17 | रा. ज. 57 | कोपिली नदी (बंथाईगांव तिनाली बस स्टॉप से चंद्रपुर नंबर 2 ब्रह्मपुत्र संगम तक) | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18 | रा. ज. 31 | धनसिरी नदी (मोरोंगी टी.ई. गांव पुल से नुमालीगढ़) | पोत परिवहन और नौचालन के उद्देश्य से 23 राष्ट्रीय जलमार्गों (रा.ज.-3, रा.ज.-4, रा.ज.-5 और 16 नए रा.ज. को मिलाकर) का विकास। इसके प्रमुख घटक हैं - फेयरवे विकास, टर्मिनल विकास और संबद्ध अवसंरचना, जलीय सर्वेक्षण, चार्टिंग और आरआईएस आदि।<br><br>वास्तविक प्रगति – 47.84%<br><br>वित्तीय प्रगति – 47.56% |
| 19 | रा. ज. 10 | अम्बा नदी (अरब सागर, धरमतार क्रीक से नागोथाने एसटी स्टैंड तक) | |
| 20 | रा. ज. 28 | दाभोल क्रीक वशिष्ठी नदी (दाभोल में अरब सागर से पेढ़े में पुल तक) | |
| 21 | रा.ज. 73 | नर्मदा नदी (पंढरिया से खंभात की खाड़ी तक) | |
| 22 | रा.ज. 100 | तापी नदी (हतनूर बांध से खंभात की खाड़ी तक) | |
| 23 | रा. ज. 37 | गंडक नदी (भैसालोटल बराज से हाजीपुर) | |
| 24 | रा. ज. 25 | चापोरा नदी (मनेरी गांव के पास ब्रिज से मोरजिम, अरब सागर तक पुल) | 2030 तक विकास के लिए अधिकांशतः प्रचालनरत जलमार्ग। |
| 25 | रा.ज. 85 | रेवदंडा क्रीक - कुंडलिका नदी प्रणाली (रेवदंडा में अरब सागर से रोहा नगर के पास पुल तक) | |
| 26 | रा.ज. 94 | सोन नदी (सोन बैराज, डेहरी से गंगा संगम तक) | |

*****